# कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

e-mail:-nagarnigamrudrapur@gmail.com visit:-www.nagarnigamrudrapur.com
(दूरभाष– 05944–242400 फैक्स–05944–243316)


पत्रांकः– 832/कर अनु0/2025–26 दिनांक– 25/06/25

## "निविदा सूचना"

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा पुनः निम्नलिखित ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र सं | कार्य का नाम | निविदा की तिथियाँ | निविदा खोलने की तिथि व समय | जानकारी हेतु कक्ष/अनुभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डिवाईडरों के सौन्दर्यीकरण रखरखाव व अनुरक्षण किये जाने मे नये ग्लो पोल ट्री गार्ड लगाये जाने हेतु निविदा | दि0 26.6.25 के 11:00 AM बजे से दि0 4.7.25 के 12:00 PM बजे तक | दि0 4.7.25 के 03:00 PM बजे | कक्ष सं0 08 |
| 2. | सार्वजनिक शौचालयों में विज्ञापन होर्डिंग लगाये जाने हेतु निविदा | | | |
| 3. | ई–रिक्शा, रिक्शा, हाथ ठेला, बस एवं ट्राली/पानी टेंकर के ट्रेड लाईसेंस नगर सेवा पोर्टल के माध्यम से नवीनीकरण/बनवायें जाने हेतु | | | |

उपरोक्त निविदा की शर्ते व नियम नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर भी देखी जा सकती हैं।

नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

महापौर
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर


# कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

e-mail:-nagarnigamrudrapur@gmail.com visit:-www.nagarnigamrudrapur.com
(दूरभाष– 05944–242400 फैक्स–05944–243316)


पत्रांकः–832 /कर अनु0/2025–26 दिनांक– 25/06/25

**प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु प्रेषित–**

1. कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
2. कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
3. कार्यालय मुख्य कोषाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
4. सम्पादक अमर-उजाला एवं उ. दर्पण को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को अपने दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 26.6.25 के अंक में न्यूनतम दरों में पठनीय भाग में प्रकाशित किये जाने एवं उक्त समाचार पत्र की दो प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. श्री सुमित कुमार, कनिष्ठ सहायक सह डा.इ.आ. को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना, निविदा शर्तें नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com में अपलोड करना एवं निश्चित तिथि को निविदा कमेटी के समक्ष टैण्डर खोलना सुनिश्चित करें।
6. कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर ऊधमसिंह नगर के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।

नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर



Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर

नगर निगम, रूद्रपुर सीमान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–2026 के **ट्रेड लाईसेंस** नगर सेवा के पोर्टल के माध्यम से ई–रिक्शा, रिक्शा, हाथ ठेला, बस एवं ट्राली/पानी टेंकर के आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर नवीनीकरण/बनवाये जाने हेतु शर्ते निम्नवत् है:–

1. निविदा फार्म शुल्क रू0 1000+18% जी0एस0टी0 अलग से देय होगा का ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के पदनाम से बन्धक हो निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता को निविदा के साथ 50,000.00 (रू0 पचास हजार मात्र) की धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. फर्म/कम्पनी का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन/पैन कार्ड का प्रमाण पत्र लगाया जाना अनिवार्य होगा।
4. किसी प्रकार के वाद विवाद का निस्तारण ऊधमसिंह नगर जिले के न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में होगा।
5. उक्त कार्य हेतु कार्यरत कार्मिको को फोटो पहचान पत्र दिया जाना होगा जिसे निगम द्वारा निविदादाता के खर्च पर निर्गत किया जायेगा। अनुबन्ध समाप्त होने पर समस्त आई कार्ड निगम को वापस किया जाना अनिवार्य होगा। किसी भी दशा में उक्त पहचान पत्र का दुरूप्रयोग नहीं किया जायेगा।
6. निविदादाता को लगभग 5000 लाईसेंस ई–रिक्शा, रिक्शा, बस एवं ट्राली/पानी टेंकर एवं 1000 फड़ इत्यादि के लाईसेंस बनाये जाने अत्यन्त आवश्यक है, तत्पश्चात् ही आपके भुगतान की कार्यवाही की जायेगी एवं न्यूनतम धनराशि वाले निविदादाता की निविदा स्वीकार्य होगी।
7. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।
8. सफल निविदादाता द्वारा जितने भी ट्रेड लाईसेंस बनाये जायेंगें उनकी संख्या नाम एवं अन्य विवरण एकत्रित कर प्रत्येक माह की 05 तारीख तक नगर निगम रूद्रपुर कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
9. तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के प्रपत्र अलग–अलग लिफाफों में सील कर इन दोनों लिफाफों को एक अन्य बड़े लिफाफे में सील कर ऊपर सम्बन्धित कार्य की निविदा अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।
10. यदि कोई निविदादाता/फर्म "शून्य शुल्क" (निल चार्जेज) अंकित करता है तो वह निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
11. निविदादाता द्वारा ऑन लाईन डॉक्यूमेंट ही अपलोड किये जायेंगे। तथा ऑफ लाईन डॉक्यूमेंट में केवल निविदा शुल्क, एफ0डी0आर0 इत्यादि जमा कराये जायेंगे। जिसकी प्रतिलिपि ऑन लाईन

ज़िन्दगी चुनों, तम्बाकू नहीं।



Scanned with OKEN Scanner

डॉक्यूमेंट में भी अनिवार्य रूप से संलग्न की जानी होगी। समिति द्वारा ऑन लाईन डॉक्यूमेंट का परीक्षण किया जाएगा।

12. निविदादाता द्वारा ट्रेड लाईसेंस नियमावली का पालन करना होगा तथा समय–समय पर शासन द्वारा प्राप्त आदेशों का भी पालन करना होगा।

13. अपरिहार्य स्थिति में या आपदा की स्थिति में समिति की आख्या अनुसार निर्णय का अधिकार नगर आयुक्त का होगा।

14. निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में निविदा की शर्तें भी अनुबन्ध का भाग होगी। उपरोक्त किसी शर्तों का यदि अनुबन्धकर्ता द्वारा उल्लंघन किया गया तो नगर निगम जमानत धनराशि जब्त करते हुए अनुबन्धकर्ता के विरूद्ध बेदखली की कार्यवाही करने का अधिकार नगर आयुक्त को होगा तथा नगर आयुक्त, नगर निगम द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा, जो अनुबन्धकर्ता को मान्य व स्वीकार होगा।

15. ई–रिक्शा, रिक्शा, हाथ ठेला, बस एवं ट्राली/पानी टैंकर ट्रेड लाईसेंस नवीनीकरण/बनवाये जाने हेतु ई–निविदा की निर्धारित Key Dates निम्नानुसार हैः–

| S.No. | Schedule/ Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of online publication | 26.6.25 | 11:00 AM |
| 2 | Documents download start date | 26.6.25 | 11:00 AM |
| 3 | Bid submission start date | 26.6.25 | 11:00 AM |
| 4 | Bid submission End date | 4.7.25 | 11:30 AM |
| 5 | offline submission of hard/ original copy of documents End Date | 4.7.25 | 12:00 AM |
| 6 | Bid Opening Date | 4.7.25 | 3:00 PM |

24/6/25

(निशा दुबे)
कर एवं रा0ना0मो0
नगर निगम रूद्रपुर

(पंकज बिष्ट)
कर निरीक्षक
नगर निगम रूद्रपुर

(लता आर्या)
कर अधीक्षक
नगर निगम रूद्रपुर

24/6/25

(जुगल मोहन सक्सेना)
वरिष्ठ वित्त अधिकारी
नगर निगम रूद्रपुर

(शिप्रा जोशी पाण्डेय)
उप नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर

(नरेश चन्द्र दुर्गापाल)
नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर

(विकास शर्मा)
महापौर
नगर निगम रूद्रपुर